भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल ०२
Phone : 2661263,2737446 Fax: 2661263 Website:bsgmp.net E_mail:scoutguide_bpl@dataone.in

क्र0 / 14014 / रा0मु0 / प्रशि.स्का. / 2014 भोपाल, दिनांक 01/12/14

प्रति,

1–जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट / सहा. आ. (आ.वि.)
जिला संघ.................................
2–सहायक राज्य संगठनायुक्त (स्का. / गा.)
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
संभागीय मुख्यलय – ––––––––––––––––––

विषय :– एडवांस कब / स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन।

संदर्भ :– राज्य के वार्षिक कार्यक्रमानुसार सत्र 2014–15

भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय के वार्षिक कार्यक्रमानुसार संभाग स्तर पर एडवांस कब / स्काउट मास्टर शिविरों का आयोजन किया गया था जिसमें जिलेवार लक्ष्य की पूर्ति नही हुई है एवं अनेक जिलो की प्रतिभागिता शून्य है अंतिम अवसर प्रदान करने हुए राज्य स्तर पर दिनांक 20.12.2014 से 26.12.2014 तक आयोजित किया जाना हैं। जिसकी जानकारी निम्नानुसार हैः–

1. कोर्स का नाम– एडवांस स्काउट मास्टर / कब मास्टर प्रशिक्षण शिविर।
2 स्थान– राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल।
3 . अवधि– 20.12.2014 से 26.12.2014 तक
4. उपस्थिति 20.12.2014 को प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। देरी से आने वाले प्रतिभागियों को शिविर में सम्मिलित नही किया जावेगा।
5. वापसी – 26.12.2014 को भोजन के पश्चात शाम 04:00 बजे।
6. कौन भाग लेगा –ऐसे प्रतिभागी जो बैसिक कब / मास्टर स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शविर में सफलता पूर्वक भाग लिया हो, एक वर्ष पूर्ण हो गया हों, जिसका दल पंजीकृत हो, वारंट प्राप्त हो गया हों, भाग ले सकते हैं। उनको वारंट / चार्टर / बेसिक प्रमाण पत्र की छाया प्रति साथ लाना अनिवार्य है। जिसका वारंट प्राप्त न होने की स्थिति में शिविर में सम्मिलित नही किया जायेगा ।
7. विकास एवं विशेष शल्क –100 / – प्रति व्यक्ति शाला निधि / जिला संघ से देय होगा।
8. शिविर शुल्क – 525 / – प्रति व्यक्ति शाला निधि / जिला संघ से देय होगा।

नोटः– शास.माध्य. एवं प्राथमिक विद्या. के शिक्षकों को शुल्क की राशि संकुल अथवा जिला संध से देय होगी। अशास. स्कूल के शिक्षको को उनकी संस्था द्वारा देय होगी।

9. कोटा – प्रत्येक जिले से 05 स्काउट मास्टर एवं 03 कब मास्टर वारंट धारी प्रतिभागियों को भेजना अनिवार्य है।
10. आवश्यक सामग्री– ए.पी.आर.ओ. भाग–2, के अनुसार दो जोड़ पूर्ण व्यवस्थित यूनिफार्म, मौसम के अनुसार पहनने बदलने के कपड़े एवं बिस्तर,भोजन करने के बर्तन, प्रसाधन सामग्री, नोटबुक पेन, पेन्सिल, तीन मीटर सूत की रस्सी,सुतली, ड्राइंग शीट,स्केच पेन, हस्त कला हेतु सामग्री, आवश्यक दवाईयॉ, ओडोमास आदि अन्य सामग्री आवश्यकतानुसार साथ लावें।
11. आवश्यक साहित्य – ए.पी.आर.ओ. भाग–2, स्काउटिंग फॉर बायज, स्काउट मास्टर की ओर सहायता, टोली विधि, स्काउट मास्टर ट्रूप संचालन आदि। यह शिविर स्काउटिंग की प्रगति का बोधक है

अतः आप अपने संभाग से प्रतिभागिता सुनिश्चित कर चयनित प्रतिभागीयों के नियुक्ति पत्र होना अनिवार्य है। यदि प्रतिभागी वारंट धारी नही है तो उनके स्थान पर नियुक्ती पत्र प्राप्त स्काउटर को निर्धारित कोटे के आधार पर भेजें। स्मरण रखे की आदेश का कड़ाई से पालन करे यह उच्चस्तरीय प्रशिक्षण है। चयनित प्रतिभागियों के यदि नियुक्ति पत्र नही है तो आदेश प्राप्त होते ही संबंधितो के नियुक्ति पत्र संबंधी कार्यवाही करे ताकि प्रशिक्षण के पूर्व उनके वारंट राज्य मुख्यालय से तैयार हो सके एवं भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची, संलग्न आवेदन पत्र दिनांक 10.12.2014 तक अनिवार्यतः भेजे।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.

पृ.क्रमांक / 14015 / रा0मु0 / प्रशि. / एडवांस / 2014 भोपाल, दिनांक 01/12/14

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

3 संयुक्त संचालक लोक शिक्षण / उपायुक्त आ.वि.संभागीय कार्यालय, ...।
4 जिला संगठनायुक्त / जिला प्रशिक्षण आयुकत(स्का.) जिला ––––––––––––।

राज्य सचिव 1-12-14
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.